Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Dedicated Sports Injury Centre in Lala Lajpat Rai Memorial Medical College, Meerut, Uttar Pradesh- Laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): गत वर्षों में मेरठ ने अनेकों प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाडी दिए हैं । यहां पर तीन उच्च श्रेणी के स्टेडियम हैं जिनमें इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है । प्रदेश सरकार ने मेरठ में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का भी निर्णय लिया है । खिलाड़ियों को खेलते समय चोटिल होने से उन्हें तत्काल एवं उचित चिकित्सा उपलब्ध कराना बड़ी समस्या है । इसके लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है व कई खिलाड़ियों का तो कैरियर ही इसके कारण खतरे में पड़ जाता है । लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, मेरठ में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर का निर्माण कराने से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है । यहाँ इसके लिए स्थान भी उपलब्ध है । स्पोर्ट्स इंजरी यूनिट स्थापित किए जाने से इसका लाभ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न स्टेडियमों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों, पुलिस तथा फ़ौज की तेयारी कर रहे लाखों युवाओं को हो सकता है । सरकार से अनुरोध है कि लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत Dedicated Sports Injury Centre बनाये जाने की कृपा करें ।